# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-1356

सेवा में,

श्री सोनू कुमार,विद्यालय अध्यापक,
रा0प्रा0 वि0 लक्ष्मीपुर बखरी, राजापाकर
जिला-वैशाली

हाजीपुर, दिनांक-30/06/26

विषयः- दिव्यांगता प्रमाण-पत्र के भौतिक सत्यापन के उपरांत स्पष्टीकरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि जिला पदाधिकारी वैशाली के पत्रांक- 611 दिनांक 24.03.2026 के आलोक में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, वैशाली के द्वारा आपका दिव्यांगता का भौतिक सत्यापन किया गया था। असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, वैशाली के पत्रांक- 793 दिनांक 07.04.2026 के अनुसार सत्यापन के क्रम में मेडिकल बोर्ड द्वारा आपकी दिव्यांगता के संबंध में यह मंतव्य दिया गया है कि **'वर्तमान में आकलन और मानसिक स्थिति जांच के अनुसार, आप मानसिक मंदता के उम्मीदवार नहीं हैं'**।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 3 दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि किन परिस्थितियों में आपके द्वारा उक्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया गया था, जबकि चिकित्सा बोर्ड द्वारा आपको इस श्रेणी में योग्य नहीं पाया गया है। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नही होने की स्थिति में आपके विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। तत्काल प्रभाव से आपके वेतन भुगतान पर रोक लगाई जाती है।

विश्वासभाजन

30.6.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी
वैशाली।

ज्ञापांकः-1356 हाजीपुर दिनांकः-30/06/26 30/06/26

प्रतिलिपिः-प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, राजापाकर/ संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30.6.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

30/06/26